**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 मार्च 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा मई माह में ली जाएगी।**
- **हरियाणा गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने गुणवत्ता को लेकर एन ए बी एल की मान्यता के महत्व पर बल दिया और इसे वैश्विक विश्वसनीयता और बाजार पहुंच के लिए लाभकारी बताया।**
- **आज विश्व गुर्दा दिवस पचास वर्ष से काम आयु के लोगों गुर्दे के कैंसर के मामले बढ़ने पर चिंता जताई गई।**
- **हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने होली पर लोगों को बधाई दी। होली का जश्न आज से शुरू हुआ।**

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा मई माह में ली जाएगी। उन्होंने आज हरियाणा विधानसभा में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मांग पर परीक्षा के नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बदलाव युवाओं के सुझाव पर किए गए हैं।सरकार परीक्षा लेने के लिए पूरी तरह तैयार है।

***********************************************************************

भारतीय गुणवत्ता परिषद और राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एन ए बी एल) ने हरियाणा गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण, के सहयोग से चंडीगढ़ में एक जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का उद्देश्य सरकारी विभागों को एन ए बी एल मान्यता के महत्व, इसके लाभ, प्रक्रिया, दस्तावेज़ीकरण आवश्यकताओं और गुणवत्ता अनुपालन सुनिश्चित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना था।हरियाणा गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने सम्मेलन का उदघाटन करते हुए कहा कि एनएबीएल मान्यता न केवल परीक्षण परिणामों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है बल्कि वैश्विक

विश्वसनीयता और बाजार पहुंच को भी बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि यह  कृषि, बागवानी, सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उपक्रमों और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है।सम्मेलन के दौरान निजी संस्थाओं पर निर्भरता कम करने और अधिक पारदर्शिता और कानूनी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के भीतर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएँ विकसित करने पर जोर दिया गया।

*****************************************************************

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कंटेंट क्रिएटर्स को देश का डिजिटल एम्बेसडर बताया है। नई दिल्ली में आज एक कार्यक्रम में श्री गोयल ने कहा कि जिम्मेदार कंटेंट, नई कहानी, कौशल विकास और भारतीय रचनात्मकता का निर्यात,रचनात्मक उद्योग के चार प्रमुख पहलू हैं। उन्होंने देश के रचनात्मक क्षेत्र में अपार अवसरों पर जोर देते हुए कहा कि यह उद्योग पहले से ही कई अरब डॉलर का क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह उद्योग देश भर में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार देता है। श्री गोयल ने लोगों के विचारों और प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में सहायता करने में सरकार की भूमिका को दोहराया। उन्होंने रचनात्मकता, दृश्य-श्रव्य कला और सामग्री उत्पादन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ देश की बढ़ती भागीदारी पर भी प्रकाश डाला।

**********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

**********************************************************************

आज विश्व गुर्दा दिवस मनाया जा रहा है। इस बार इस दिवस  का थीम " क्या आपका गुर्दा ठीक है? समय रहते पता लगाए गुर्दे  के स्वास्थ्य की रक्षा करें।"हरियाणा के डायलिसिस के राज्य नोडल अधिकारी डॉ अनिल कुमार   ने कहा कि 50 साल से कम आयु के लोगों में गुर्दे के कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो कि चिंताजनक है।उन्होंने कहा कि इस रोग की चपेट में आने

के मुख्य कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप और जीवन शैली में बदलाव होना है। गुर्दे के रोग की अन्य मुख्य वजह का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा -

डॉ अनिल कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सभी जिलों के डायलिसिस केंद्रों पर डायलिसिस की सुविधा निशुल्क दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि आज पूरे विश्व के लगभग 10% लोग गंभीर गुर्दा रोग से पीड़ित है। वही हरियाणा में 13 से 15% लोग गुर्दे की बीमारी से ग्रसित है।

*******************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने लोगों को होली के पवित्र त्योहार की बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा -

राज्यपाल आज हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने पर पंचकूला स्थित आयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।राज्यपाल ने राज्य निर्वाचन आयोग में लगाई गई दो नई लिफ्ट का उद्घाटन भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए निर्वाचन सदन परिसर में पौधारोपण भी किया।इस मौके पर राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त धनपत सिंह ने आयोग की 30 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी राज्यपाल को दी।

*********************************************************************

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में आज विश्व गुर्दा दिवस पर लोगों को गुर्दे से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।इस मौके पर मरीजों को मुफ्त डायलिसिस सुविधा का लाभ मिलने पर लोगों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री का आभार जताया।अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय ने बताया कि आज अस्पताल स्थित डायलिसिस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

***********************************************************************

हरियाणा में आज होलिका दहन पर होली का जश्न शुरू हो गया। आज कई जगह से होली मनाए जाने के समाचार मिले हैं। कल भी होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा।जींद से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिलेभर में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने होलिका दहन कर पूजा अर्चना की और सबके सुखद भविष्य की कामना की। बाजारों में रौनक छाई रही।